## रोहतक जिले में 71 जगह चार्जिंग स्टेशन शुरू, मिलेगी बड़ी राहत

# अब होटल-ढाबों पर खाना खाएं, साथ ही कार को भी चार्ज करवाएं

- एप के जरिए वाहन किए जा रहे हैं ऑनलाइन चार्ज
- इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रयोग से प्रदूषण भी घटेगा
- अधिकतर पेट्रोल पंपों पर भी शुरू हो चुकी मशीनें

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बढ़ावा देने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। जिले में अब तक 71 स्थानों पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन शुरू किए जा चुके हैं, जिससे ईवी चालकों को चार्जिंग की बेहतर सुविधा मिलने लगी है। शहर के अधिकांश पेट्रोल पंपों के अलावा निजी ढाबों, होटलों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर भी चार्जिंग मशीनें लगाई गई हैं। इन स्टेशनों पर मोबाइल ऐप के जरिए ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग और डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। चार्जिंग नेटवर्क के विस्तार और बढ़ती ईंधन कीमतों के बीच लोगों का रुझान अब इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर बढ़ रहा है। दूसरी ओर, इलेक्ट्रिक वाहन कंपनियां लगातार अपने मॉडलों के दाम बढ़ा रही हैं, जिससे खरीदारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है।




### बढ़ रही है इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या

रोहतक में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या पिछले कुछ वर्षों में लगातार बढ़ रही है। पहले जहां ईवी केवल चुनिंदा लोगों तक सीमित थे, वहीं अब दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया सभी श्रेणियों में इनकी मांग बढ़ रही है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतें तथा कम संचालन लागत मानी जा रही है। सरकार भी ईवी अपनाने के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने पर विशेष ध्यान दे रही है। चार्जिंग आसानी से उपलब्ध होने पर दिल्ली, हिसार, पंजाब, राजस्थान से आने जाने वाले ईवी वाहनों के मालिकों को भी चिंता करने की जरूरत नहीं है। वहीं, दूसरी ओर, पेट्रोल में बढ़ते एथेनॉल मिश्रण को लेकर कुछ वाहन मालिक चिंतित हैं।

### अधिकांश मशीनें मोबाइल एप से जुड़ी

जिले में स्थापित 71 चार्जिंग स्टेशनों में सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों की भागीदारी है। प्रमुख पेट्रोल पंपों, ढाबों और होटलों में चार्जिंग पॉइंट शुरू किए गए हैं। अधिकांश मशीनें मोबाइल एप से जुड़ी हैं, जिससे चालक स्टेशन की उपलब्धता देखकर ऑनलाइन भुगतान के जरिए वाहन चार्ज कर सकते हैं।

### आने वाले दिन में और बढ़ेगी मांग

ऑटोमोबाइल बाजार से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले वर्षों में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग और तेज होगी। सरकार भी विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं के माध्यम से इस क्षेत्र को बढ़ावा दे रही है। चार्जिंग नेटवर्क का लगातार विस्तार इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### 35 हजार से 1.50 लाख तक ईवी स्कूटर-बाइक

ईवी वाहनों की कीमत में लगातर बढ़ोतरी हो रही है। जो स्कूटर एक लाख 10 हजार में मिल रही थी अब उनकी कीमत 1.40 लाख तक जा पहुंची है। ऐसे में आने वाले समय में ये वाहन और महंगे हो सकते हैं। वहीं कार की बात करें तो सात लाख से इनकी कीमत शुरू हो जाती है, जो बढ़ती जा रही है।

## खबर संक्षेप

### बीएड एडिशनल कोर्स की प्रैक्टिकल परीक्षा 30 से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) की बीएड एडिशनल कोर्स प्रथम वर्ष (जुलाई 2026) की प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) परीक्षाएं 30 और 31 जुलाई को निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होंगी। रोल नंबर 4651003 से 4651064 तथा 4651065 से 4651130 तक के विद्यार्थियों की प्रैक्टिकल परीक्षा वैश्य कॉलेज ऑफ एजुकेशन, रोहतक में होगी। वहीं, रोल नंबर 4651131 से 4651180 तथा 4651181 से 4651230 तक के विद्यार्थियों का परीक्षा केंद्र सीआर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, रोहतक निर्धारित किया गया है। कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशंस प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि विस्तृत डेटशीट और एडमिट कार्ड विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगे।

### पुराने छात्रों को स्पेशल चांस 30 जुलाई तक आवेदन



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने वर्ष 2001 या उससे पहले पंजीकृत विद्यार्थियों को स्पेशल/मर्सी चांस देने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, पात्र विद्यार्थी 30 जुलाई 2026 तक संबंधित रिजल्ट ब्रांच में आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा वर्ष 2001 की स्कीम और सिलेबस के अनुसार ही होगी। री-अपीयर या इम्प्रूवमेंट के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को वर्ष 2001 के विषयों के अनुसार ही परीक्षा देनी होगी और परीक्षा फॉर्म के साथ अंडरटेकिंग भी जमा करनी होगी। कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशंस प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि यह विशेष अवसर वर्ष 2001 या उससे पहले पंजीकृत छात्रों के लिए उनकी मांगों पर विचार करने के बाद दिया गया है। पात्र विद्यार्थी निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन कर अपनी डिग्री पूरा करने के लिए इस मौके का लाभ उठा सकते हैं।

# रोहतक आले मुड़के नहीं देखते...

## करोड़ों खर्च, फिर भी व्यवस्था बदहाल

## डस्टबिन और बेंच टूटे, ट्रैफिक सिग्नल दे रहे जवाब

**न जन प्रतिनिधियों ने विरोध किया और न ही लोगों ने, प्रशासन ने भी नहीं दिया कोई ध्यान**

**17 लाख के डस्टबिन कबाड़ बनने की कगार पर, 34 लाख की नई व्यवस्था भी सवालों में**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर को स्वच्छ, व्यवस्थित और आधुनिक बनाने के लिए नगर निगम समय-समय पर लाखों रुपये खर्च कर नई सुविधाएं उपलब्ध कराता है। लेकिन सबसे बड़ी समस्या यह है कि इन सुविधाओं के निर्माण और स्थापना के बाद उनके रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया जाता। यही कारण है कि लाखों रुपये की लागत से लगाए गए डस्टबीन, सार्वजनिक बेंच, सजावटी गमले और ट्रैफिक सिग्नल कुछ ही समय में बदहाल हो जाते हैं। शहर में करोड़ों रुपये की योजनाएं शुरू तो हो जाती हैं, लेकिन उनकी नियमित निगरानी और देखरेख के अभाव में सरकारी धन का उद्देश्य अधूरा रह जाता है। नगर निगम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में करीब 17 लाख रुपये की लागत से डस्टबिन लगवाए थे ताकि लोग खुले में कूड़ा फेंकने के बजाय निर्धारित स्थान पर ही कचरा डालें। इसके बाद कचरा प्रबंधन को और मजबूत करने के लिए करीब 34 लाख रुपये की लागत से नए डस्टबिन भी स्थापित किए गए। लेकिन इनमें से बड़ी संख्या में डस्टबिन अब टूट चुके हैं, क्षतिग्रस्त हो गए हैं या उपयोग के लायक नहीं बचे। कई स्थानों पर डस्टबिन होने के बावजूद लोग आसपास ही कूड़ा फेंक रहे हैं, जिससे स्वच्छता अभियान की मंशा पर सवाल उठ रहे हैं। डस्टबिन की बदहाल स्थिति का मुद्दा नगर निगम की सदन बैठक में भी उठ चुका है। पार्षदों ने नगर निगम आयुक्त के सामने रखरखाव की कमी पर सवाल उठाते हुए खराब डस्टबीन को बदलने और नियमित निगरानी की मांग की थी। इसके बावजूद हालात में कोई खास सुधार नजर नहीं आ रहा है।













### पुरानी आईटीआई में भी यही हाल

पुरानी आईटीआई परिसर के पास भी गमले लगाने के बावजूद कूड़े के ढेर लगे हैं। इससे साफ है कि केवल व्यवस्था नहीं, बल्कि निगरानी और लोगों में जागरूकता भी जरूरी है।

### यहीं हाल बेंचों का

शहर के प्रमुख बाजारों, पार्कों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों के बैठने की सुविधा के लिए नगर निगम ने कई बेंच भी लगवाई थीं। लेकिन अनेक बेंच टूट चुकी हैं या क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ी हैं। कई स्थानों पर इनका उपयोग करना भी मुश्किल हो गया है।

### निगम रखरखाव में नाकाम

नगर निगम योजनाओं पर खर्च तो करता है, लेकिन उनकी नियमित देखरेख की व्यवस्था नहीं बना पाता। लोगों ने विकास कार्यों के साथ रखरखाव और जवाबदेही तय करने की मांग की है।

### लाखों के कीमती ट्रैफिक सिग्नल भी बंद

यातायात व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से नगर निगम ने शहर के पांच प्रमुख चौराहों पर लाखों के आधुनिक ट्रैफिक सिग्नल लगाए थे। लेकिन इनकी स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। कई बार सिग्नलों की टाइमिंग सही नहीं रहती, जिससे जाम की स्थिति बन जाती है। वहीं कई बार सिग्नल लगातार कई दिनों या हफ्तों तक बंद रहते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि चार-पांच दिन चलने के बाद कई बार सिग्नल एक-एक महीने तक बंद पड़े रहते हैं, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है।

# रोहतक में आज से अग्निवीर भर्ती रैली

*सोनीपत, पानीपत, झज्जर व रोहतक के सीईई उत्तीर्ण अभ्यर्थी होंगे शामिल*

- मूल दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य
- किसी भी नशीले पदार्थ का न करें सेवन

**रोहतक।** मुख्यालय आरटीजी जोन, अंबाला के अंतर्गत भर्ती वर्ष 2027 के लिए अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन सोमवार 20 जुलाई से 27 जुलाई 2026 तक राजीव गांधी खेल परिसर में किया जाएगा। भर्ती रैली को लेकर सेना भर्ती कार्यालय रोहतक ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रशासन की ओर से सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह भर्ती रैली सोनीपत, पानीपत, झज्जर और रोहतक जिलों के उन अभ्यर्थियों के लिए आयोजित की जा रही है, जिन्होंने ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) उत्तीर्ण की है। इसके अलावा हरियाणा के सभी जिलों के उन अभ्यर्थियों की स्क्रीनिंग भी इसी भर्ती रैली में होगी, जिन्होंने केंद्रीय श्रेणी के अंतर्गत जूनियर कमीशंड अधिकारी (धार्मिक शिक्षक), हवलदार शिक्षा, जूनियर कमीशंड अधिकारी कैटरिंग तथा हवलदार सर्वे ऑटो कार्टो पदों के लिए सीईई परीक्षा पास की है। पात्र अभ्यर्थी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट से अपना प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर निर्धारित तिथि व समय के अनुसार भर्ती स्थल पर पहुंचें। अभ्यर्थियों को सभी आवश्यक मूल दस्तावेज, प्रमाण-पत्र और प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। समय पर नहीं पहुंचने वाले अभ्यर्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। वहीं, अभ्यर्थियों को चेतावनी दी गई है कि दवाओं अथवा किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन न करें।

### अभ्यर्थी यहां ठहरें

अभ्यर्थियों के ठहरने के लिए शहर की विभिन्न धर्मशालाओं में व्यवस्था की गई है। पुरी, जोरावर सिंह जैन धर्मशाला, राजपूत (परमार), सैनी धर्मशाला, छोटू राम धर्मशाला और धोबी धर्मशाला शामिल हैं। जानकारी के लिए भर्ती कार्यालय के नंबर 01262-253431 और हेल्पलाइन 8901384498 पर संपर्क कर सकते हैं।

## महम में दूधिए के साथ मारपीट छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**महम।** कस्बा महम के वार्ड 9 में दूधिए के साथ मारपीट के मामले में सछह लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में महम के वार्ड एक निवासी नीरज ने बताया कि वह अपने पशुओं का दूध बेचने के लिए शहर में जाता है। वार्ड 9 निवासी दर्शना देवी पत्नी रामचंद्र के घर पर भी वह दूध देने जाता है। शाम को साढ़े 5 बजे वह दर्शना देवी के घर पर दूध देकर गली से जा रहा था। इस दौरान असीम ने कहा कि उसका और उसके पिता का झगड़ा चला हुआ है। वह आगे से यहां पर दूध देने न आए। यदि यहां पर वह दूध डालने आया तो अंजाम ठीक नहीं होगा। इसके जवाब में उसने कहा कि उसका काम दूध डालने का है। इतना सुनते ही उसने उसके मुंह पर मुक्का मार दिया। उसके पिता राम सिंह और उसकी माता कैलाश देवी मौके पर पहुंच गए। उसके मां बाप ने असीम से यह पूछा कि उसने उसके बेटे के साथ मारपीट क्यों की। तो उसने अपने दोस्तों को बुला लिया। एक क्रेटा गाड़ी में चार लड़के वहां पर पहुंच गए। उन चार लड़कों, सोनिया व असीम ने उसके साथ और उसकी मां व पिता के साथ मारपीट की। पुलिस ने सोनिया, असीम और चार अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## डाकघर पार्किंग से ई-स्कूटी चोरी का 24 घंटे में खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

- चोरी की चार स्कूटियां भी बरामद

**रोहतक।** जिला पुलिस ने डाकघर पार्किंग से ई-स्कूटी चोरी के मामले का 24 घंटे में खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई ई-स्कूटी बरामद करने के साथ पूछताछ में तीन अन्य चोरी की वारदातों का भी खुलासा किया है। इन मामलों में चोरी की गई तीन अन्य स्कूटियां भी बरामद कर ली गई हैं।गांव खेड़ीसाध निवासी दर्शन सिंह ने 17 जुलाई को थाना आर्य नगर में शिकायत दी थी कि वह 16 जुलाई को डाकघर आया था। उसने अपनी ई-स्कूटी पार्किंग में खड़ी की थी, लेकिन वापस लौटने पर स्कूटी गायब मिली।मामले की जांच करते हुए पुलिस ने धनाना, सोनीपत निवासी दिलबाग को गिरफ्तार किया। आरोपी ने आर्य नगर क्षेत्र में तीन अन्य स्कूटी चोरी करना भी कबूल किया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले भी कई चोरी के मामले दर्ज हैं।

**कुत्ते को ईंट मारने से रोका तो तीन युवकों ने की पिटाई जबरदस्ती समझौते से नाराज युवक ने उठाया कदम**

# मोखरा में 31 वर्षीय युवक ने फंदा लगाकर दी जान

- मृतक के पिता वजीर ने कहा, आरोपियों के दबाव में आकर ही मेरे बेटे सुरेश ने अपनी जीवन लीला समाप्त की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

मोखरा गांव में एक 31 वर्षीय अविवाहित युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक की मां की शिकायत पर पुलिस ने गांव के ही पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। बहु अकबरपुर थाना में दी शिकायत में मोखरा खास गांव निवासी कमलेश पत्नी वजीर ने बताया कि पांच दिन पहले आसन गांव का लड़का अपनी मौसी के घर आता है। वह घर अनिल डूम का है। कई दिन पहले वही लड़का आशु यहां नीरज पुत्र राज सिंह के घर रात को 10 बजे हुक्का पीने के लिए आया था। नीरज ने कहा कि यह कोई टाइम है आने का, अपने घर भाग जा। उसी समय गली में एक कुत्ता बैठा हुआ था। रात को वह कुत्ता आशु की तरफ आया। आशु ने कुत्ते को ईंट मारी। शिकायतकर्ता कमलेश का कहना है कि उसके बेटे सुरेश ने आशु को कहा कि उसने कुत्ते को ईंट क्यों मारी। आशु ने कहा कि यदि तूं गली में आ जाए तो तुझे भी ईंट मार दूंगा। कमलेश ने कहा कि बेटा तू घर जाकर सो जा। इस बात पर वह बोला नहीं जाऊंगा और उसको गाली गलौच करने लगा। अगले दिन रात को 9 बजे सुरेश घर जा रहा था। रास्ते में 3 लड़कों ने उसको पकड़कर उसके साथ मारपीट की। सुरेश के साथ मारपीट करने वालों में अनिल डूम की साली का लड़का आशु, अजय पुत्र अनिल, पंकज पुत्र कुला शामिल थे। इन तीनों ने उसको ज्यादा पीट दिया।



**महम।** आत्महत्या की घटना के बाद मोखरा गांव में ग्रामीणों से पूछताछ करते पुलिस अधिकारी।

### समझौता करने से मना कर दिया

इस संबंध में उन्होंने थाना बहु अकबरपुर में पुलिसकर्मी सत्येंद्र को शिकायत दी। 17 जुलाई को पुलिसकर्मी सत्येंद्र दोपहर को करीब एक बजे गाड़ी लेकर सुरेश के घर पहुंचा। आशु को साथ लेकर पुलिस वाले ने सुरेश की पिटाई की। इस पुलिसकर्मी ने कहा कि वह फैसला कर ले। सुरेश और उसकी मां कमलेश ने समझौता करने से मना कर दिया। जांच अधिकारी सत्येंद्र व गांव के दो युवकों दीपक पुत्र ओम और संजय पुत्र गुगन ने मिलकर कमलेश पर दबाव बनाया और उससे जबरदस्ती समझौते पर अंगूठा लगवा लिया। इसी बात से प्रताड़ित होकर सुरेश ने आत्महत्या कर ली। शिकायतकर्ता कमलेश पत्नी वजीर ने पुलिस शिकायत में सभी छह आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की है। कहा है कि पुलिसकर्मी सत्येंद्र को भी शामिल किया जाए। पुलिस ने मृतक की मां की शिकायत पर आशु, अजय, पंकज, दीपक और संजय के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## सामान्य से आधी भी नहीं हुई बरसात, धान रोपाई पर असर, गर्मी भी बढ़ी

*सिंचाई का खर्च बढ़ा, नमी की कमी से किसान बारिश के इंतजार में*

# रोहतक में बारिश की 63 फीसदी कमी आज से मानसून सक्रिय होने की उम्मीद

**एक जून से 19 जुलाई तक 139.1 की जगह हुई सिर्फ 50.8 एमएम बारिश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मानसून की सुस्ती से जिले में खेती पर संकट गहराने लगा है। एक जून से 19 जुलाई तक जिले में सामान्य से 63 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। कम बारिश का सबसे ज्यादा असर धान की रोपाई पर पड़ा है। हालांकि मौसम विभाग ने सोमवार 20 जुलाई से मानसून के फिर सक्रिय होने की संभावना जताई है, जिससे किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार एक जून से 19 जुलाई तक रोहतक में सामान्य तौर पर 139.1 मिमी बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन इस अवधि में केवल 50.8 मिमी बारिश हुई। यानी जिले में सामान्य से 63 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई है। प्रदेश में सिरसा के बाद रोहतक सबसे अधिक बारिश की कमी वाले जिलों में शामिल है।

### 10 से 15% क्षेत्र में रोपाई पिछड़ी

बारिश की कमी के कारण खेतों में पर्याप्त नमी नहीं बन पा रही है। इसका सीधा असर धान की रोपाई पर पड़ा है। जिन किसानों के पास नहरी पानी या ट्यूबवेल की सुविधा सीमित है, उन्हें सिंचाई पर अधिक खर्च करना पड़ रहा है। कई किसान अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं, ताकि रोपाई का काम तेजी से पूरा किया जा सके। कृषि विभाग के अनुसार प्रदेश में धान की रोपाई का लक्ष्य करीब 35 लाख एकड़ है, लेकिन मानसून की देरी के कारण अब तक लगभग 10 से 15 प्रतिशत क्षेत्र में रोपाई पिछड़ी हुई है। रोहतक में भी कई स्थानों पर किसान बारिश का इंतजार कर रहे हैं। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि यदि अगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो धान के साथ अन्य खरीफ फसलों पर भी असर पड़ सकता है और सिंचाई का खर्च बढ़ेगा।

### बारिश में देरी से बढ़ी चुनौतियां

पिछले वर्ष की तुलना में इस बार स्थिति काफी अलग है। वर्ष 2025 में इसी अवधि के दौरान हरियाणा में सामान्य से 34 प्रतिशत अधिक बारिश हुई थी, जबकि इस बार अधिकांश जिलों में बारिश का घाटा बना हुआ है। रोहतक में पिछले साल की तुलना में इस बार खेतों में नमी काफी कम है। मौसम विभाग के अनुसार 20 जुलाई से मानसून गतिविधियां फिर तेज हो सकती हैं। यदि जिले में अच्छी बारिश होती है तो धान की रोपाई में तेजी आएगी और खरीफ फसलों को भी राहत मिलेगी। कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार कृषि कार्यों की योजना बनाएं और उपलब्ध सिंचाई संसाधनों का सोच-समझकर उपयोग करें। बारिश की कमी ने इस समय किसानों की चिंता बढ़ा दी है। अब जिले के किसानों की उम्मीदें पूरी तरह अगले मानसूनी दौर पर टिकी हैं। यदि आने वाले दिनों में अच्छी बारिश होती है तो खेती की रफ्तार फिर पटरी पर लौट सकती है, लेकिन बारिश में और देरी होने पर खरीफ सीजन की चुनौतियां बढ़ सकती हैं।

## खबर संक्षेप

### स्व. अशोक अरोड़ा के नेत्रदान से दो लोगों को मिलेगी नई रोशनी

**रोहतक।** राष्ट्रीय नेत्रदान–महादान अभियान के तहत सेक्टर-2 निवासी स्वर्गीय अशोक अरोड़ा का मरणोपरांत नेत्रदान सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। यह पुनीत कार्य भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय संयोजक अशोक कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं सहयोग से पूरा हुआ। इस महादान से दो नेत्रहीन व्यक्तियों के जीवन में नई रोशनी पहुंच सकेगी। नेत्रदान की प्रक्रिया में भारत विकास परिषद सेक्टर शाखा के अध्यक्ष तरुण गुप्ता, स्वर्गीय अशोक अरोड़ा के पुत्र विजय शेखर अरोड़ा, धर्मपत्नी नीलम रानी अरोड़ा, भाई योगेश अरोड़ा तथा अरोड़ा परिवार के अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया। हरियाणा स्टेट आई बैंक, पीजीआईएमएस रोहतक की टीम ने डॉ. मनीषा, डॉ. मानसी, डॉ. स्वाति, डॉ. सोनम और डॉ. जितेंद्र फोगाट के नेतृत्व में नेत्रदान की पूरी प्रक्रिया संपन्न की। अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि अरोड़ा परिवार ने अपने प्रियजन के मरणोपरांत नेत्रदान कराकर मानव सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया है। मृत्यु के बाद भी नेत्र किसी जरूरतमंद के जीवन में उजाला भर सकते हैं।



### खुले नाले में गिरी गाय नाले ढंकने की मांग

**महम।** शहर के पुराने अग्रसेन पब्लिक स्कूल रोड पर एक गाय कई घंटे तक नाले में गिरी रही। नाले में गिरकर गाय घायल हो गई। नाला खुला पड़ा था और अधिक गहरा होने की वजह से गाय नाले से बाहर नहीं निकल सकी। शहर के लोगों ने मिलकर गाय को बड़ी मशक्कत के बाद नाले से बाहर निकाला। शहरवासियों का कहना है कि शहर में जगह जगह नाले खुले पड़े हैं, जो हादसों को निमंत्रण दे रहे हैं। शहर के लोगों ने जिला प्रशासन से नालों को ढंकने की मांग की है।

# औपचारिकता बनकर रह गया सीएम का सीधा संवाद, 30 सेकेंड में सिमटी रोहतक की बारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्कूल प्रबंधन समितियों (एसएमसी) के साथ रविवार को आयोजित सीधा संवाद कार्यक्रम रोहतक जिले के लिए महज एक औपचारिकता बनकर रह गया। राज्यभर की एसएमसी के साथ ऑनलाइन बातचीत के दौरान जब रोहतक जिले की बारी आई, तो यहां के प्रतिनिधियों को अपनी बात रखने के लिए सिर्फ 30 सेकेंड का समय मिला। मुख्यमंत्री ने बिना किसी विस्तृत चर्चा के संवाद को समेट दिया, जिससे प्रतिनिधियों में निराशा रही। मुख्यमंत्री मॉडल टाउन स्थित शहीद कैप्टन दीपक शर्मा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रतिनिधियों से जुड़े थे। उन्होंने प्रतिनिधियों से केवल स्कूल के बारे में पूछा। इस दौरान जब एसएमसी प्रधान दिनेश पाल विद्यालय के बारे में जानकारी देने लगे, तो अभी 30 सेकेंड ही हुए थे कि मुख्यमंत्री ने धन्यवाद कहकर संवाद खत्म कर दिया और अगले जिले नूंह को आमंत्रित कर लिया।

**एसएमसी के साथ होनी थी सीधी बात**
**प्रतिनिधियों से केवल स्कूल के बारे में पूछा**
**कम समय के कारण प्रधान नहीं रख पाए अपनी बात**



रोहतक। एसएमसी कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार और जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक व अन्य अधिकारी।

### अहम मुद्दों पर नहीं हो सकी कोई चर्चा

इस संक्षिप्त बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने अन्य जिलों की तरह रोहतक के स्कूल में न तो विद्यार्थियों की संख्या पर कोई चर्चा की, न एसएमसी की मासिक बैठक व उनकी भूमिका पर बात हुई और न ही स्कूलों के विकास से जुड़े मुद्दों पर कोई फीडबैक लिया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार और जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक, जिला परियोजना समन्वयक सुमन हुड्डा, खंड शिक्षा अधिकारी अशोक नांदल, एपीसी मनोज सहित कई एसएमसी प्रतिनिधि और शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## कस्बे में रविवार का दिन श्रद्धा और भक्ति से रहा सराबोर

# गीता व भागवत कथा के साथ कलश यात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सांपला

कस्बे में रविवार को धार्मिक माहौल श्रद्धा और भक्ति से सराबोर रहा। एक ओर महाराजा अग्रसेन धर्मशाला में मानव उत्थान सेवा समिति की ओर से गीता, रामायण और श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया, वहीं दूसरी ओर श्री श्याम सेवा समिति के तत्वावधान में लाइन पार स्थित खाटूश्यामजी मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। दोनों आयोजनों में कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

महाराजा अग्रसेन धर्मशाला में आयोजित कथा में हरिद्वार से संत सत्यपाल महाराज के शिष्य महात्मा सतयबोधानंद, प्रयागराज से महात्मा विपुल बाई तथा सोनम बाई ने श्रद्धालुओं को गीता, रामायण और भागवत कथा का रसपान कराया। अपने प्रवचनों में उन्होंने कहा कि ये तीनों महान ग्रंथ भारतीय संस्कृति और सनातन जीवन दर्शन के आधार स्तंभ हैं। गीता मनुष्य को जीवन की कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने की प्रेरणा देती है, रामायण मर्यादा, आदर्श और पारिवारिक मूल्यों का संदेश देती है, जबकि श्रीमद्भागवत कथा ईश्वर भक्ति, प्रेम और आत्मिक शांति का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति इन ग्रंथों के उपदेशों को अपने जीवन में अपनाए तो उसका जीवन सुख, शांति और सदाचार से भर सकता है। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन में भी भाग लिया।



**25 जुलाई तक चलेगी भागवत कथा**


श्री श्याम सेवा समिति की ओर से लाइन पार स्थित खाटूश्यामजी मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कथा 25 जुलाई तक प्रतिदिन आयोजित होगी। कथा प्रारंभ होने से पूर्व कस्बे के मुख्य बाजार से मंदिर तक महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भव्य कलश यात्रा निकाली। पूरे मार्ग में श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते हुए आगे बढ़े और वातावरण राधे-राधे तथा श्याम बाबा की जय के जयघोष से गूंज उठा।

### गुरु की आज्ञा में रहकर सेवा से जीवन होता है सफल : महात्मा सत्यबोधानंद



**सांपला।** मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा महापर्व पर अग्रसेन धर्मशाला, मेन बाजार में विशाल सत्संग एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महात्मा बिपुला बाई ने की, जबकि मानव धर्म के प्रणेता सद्गुरुदेव सतपाल जी महाराज के परम शिष्य महात्मा सत्यबोधानंद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। महात्मा सत्यबोधानंद ने गुरु पूर्णिमा के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु ही अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से गुरु की आज्ञा का पालन करते हुए निस्वार्थ सेवा, सत्संग और मानवता के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गुरु की आज्ञा में रहकर सेवा करने से जीवन सफल होता है और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है। सत्संग के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मानव उत्थान सेवा समिति के पदाधिकारियों, सेवादल, यूथ विंग और स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहयोग दिया।

# दो मकानों में लाखों की चोरी नकदी और आभूषण ले उड़े



एआई जेनरेटेड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सांपला

खंड के गांव पाकस्मा में शनिवार देर रात अज्ञात चोरों ने दो मकानों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की नकदी और कीमती आभूषण चोरी कर लिए। घटना का पता रविवार सुबह चला, जिसके बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पीड़ित सुरेश कुमार ने बताया कि वह मटके बनाने का काम करते हैं। शनिवार रात करीब दस बजे वह अपने प्लॉट में पशुओं के पास सोने चले गए, जबकि उनकी पुत्रवधू घर के चोबारे में सो रही थी। इसी दौरान अज्ञात चोर मकान में घुस गए। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे करीब दो लाख रुपये की नकदी और लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। सुबह परिवार के सदस्यों की नींद खुली तो घर का सामान बिखरा मिला और अलमारी खुली हुई थी। जांच करने पर नकदी और आभूषण गायब मिले। इसी गांव के निवासी मुकेश ने भी अपने घर में चोरी होने की शिकायत पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि अज्ञात चोर उनके मकान में भी घुसे और वहां से नकदी व कीमती सामान लेकर फरार हो गए। हालांकि, उनके यहां चोरी हुए सामान का पूरा विवरण अभी तैयार किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की तथा साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कांग्रेस ने निकाली शहर में जन जागरण यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

न्याय की मांग को लेकर आयोजित जनजागरण यात्रा में क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ नेताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर पीड़ित परिवारों के समर्थन में अपनी एकजुटता दिखाई। इस अवसर पर सांसद चौधरी दीपेंद्र सिंह हुड्डा, विधायक कुलदीप वत्स, विधायक भारत भूषण बत्रा, ग्रामीण अध्यक्ष बलवान रंगा, झज्जर जिलाध्यक्ष संजय यादव, राज बहादुर, सांसद प्रतिनिधि सुलभ गुगलानी, कपिल खन्ना, मोनू शर्मा, डॉ. मामराज स्वामी, जितेंद्र वाल्मीकि तथा राजीव अत्रि सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

यात्रा के दौरान वक्ताओं ने कहा कि समाज में न्याय की स्थापना और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्वर्गीय भरत तिवारी, स्वर्गीय बेटी मनीषा तथा श्रीगंगानगर की रेप पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग दोहराते हुए कहा कि जब तक पीड़ितों को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक यह संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।

जनजागरण यात्रा के माध्यम से लोगों से अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर आवाज़ उठाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने विश्वास जताया कि जनता की एकता और लोकतांत्रिक संघर्ष से न्याय अवश्य मिलेगा। कार्यक्रम का समापन इस संदेश के साथ हुआ कि अन्याय के विरुद्ध उठी आवाज़ कभी व्यर्थ नहीं जाती, एक चिंगारी ही बदलाव की मशाल बन जाती है।

### रोहतक की प्रतिभाओं को राज्यपाल करेंगे सम्मानित

रोहतक। लोक भवन, चंडीगढ़ में 20 जुलाई को आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में हरियाणा के राज्यपाल रोहतक जिले की दो प्रतिभाओं को सम्मानित करेंगे। राजकीय प्राथमिक पाठशाला की बुलबुल अंशिका पुत्री सोनू को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बेस्ट बुलबुल अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा। वहीं, राजकीय कन्या उच्च विद्यालय , अनवाल की फ्लॉक लीडर गायत्री देवी को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स में लंबे समय तक उत्कृष्ट एवं समर्पित सेवाएं देने के लिए लॉन्ग सर्विस अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। इस उपलब्धि से विद्यालय, अनवाल गांव तथा पूरे रोहतक जिले में खुशी का माहौल है। शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्काउट-गाइड परिवार ने दोनों सम्मानितों को बधाई देते हुए इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।




# अदालत के आदेश पर कसरैंटी गांव में फर्जी ट्रैक्टर हस्तांतरण मामले में केस दर्ज

**सांपला।** गांव कसरैंटी के एक ट्रैक्टर के कथित फर्जी हस्तांतरण के मामले में अदालत के आदेश पर थाना सांपला पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि मृतक के नाम दर्ज ट्रैक्टर को फर्जी दस्तावेज और शपथ पत्र के आधार पर एक व्यक्ति के नाम स्थानांतरित कराया गया था।

जानकारी के अनुसार, गांव कसरैंटी निवासी परमजीत सिंह ने अदालत में याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि उसके पिता हरिपाल सिंह के नाम पंजीकृत ट्रैक्टर को उनके निधन के बाद कथित रूप से फर्जी दस्तावेज तैयार कर एक अन्य वारिस के नाम ट्रांसफर करा लिया गया। शिकायतकर्ता का कहना था कि ट्रैक्टर संयुक्त पारिवारिक संपत्ति है और हस्तांतरण के दौरान मृतक के हस्ताक्षर दर्शाए गए, जबकि उस समय उनका निधन हो चुका था। शिकायत में यह भी कहा गया कि मामले की जानकारी मिलने पर परिवहन विभाग ने ट्रैक्टर के हस्तांतरण को रद्द कर दिया था। शिकायतकर्ता ने पहले पुलिस अधिकारियों को भी शिकायत दी, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर अदालत का दरवाजा खटखटाया। मामले की सुनवाई के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमआईसी) रोहतक ने पुलिस को संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच करने के निर्देश दिए। अदालत के आदेश के आधार पर थाना सांपला पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच उपनिरीक्षक राजेश कुमार को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले से जुड़े दस्तावेजों की जांच की जाएगी और तथ्यों के आधार पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## पूर्वांचल एकता सेवा समितिः सचिव और कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित, प्रधान पद के लिए 26 को मतदान

**रोहतक।** पूर्वांचल एकता सेवा समिति, रोहतक के चुनाव को लेकर शनिवार को नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनावी तस्वीर साफ हो गई। नामांकन वापसी के अंतिम दिन सचिव और कोषाध्यक्ष पद पर केवल एक-एक प्रत्याशी शेष रहने से दोनों पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हो गया, जबकि प्रधान पद के लिए अब दो उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला होगा। चुनाव अधिकारी राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्रधान पद के लिए दाखिल छह नामांकन में से चार उम्मीदवारों ने अपने नामांकन वापस ले लिए। इसके बाद अब संजीव सिंह और मदन सिंह के बीच 26 जुलाई को मतदान कराया जाएगा। वहीं, सचिव पद के लिए दाखिल चार नामांकन में से तीन तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए दाखिल तीन नामांकन में से दो वापस ले लिए गए, जिसके चलते दोनों पदों पर निर्विरोध चुनाव संपन्न हो गया। राधेश्याम शर्मा ने नवनिर्वाचित सचिव और कोषाध्यक्ष को बधाई देते हुए सभी सदस्यों से 26 जुलाई को होने वाले मतदान में में भाग लेने की अपील की। मौके पर कपिल ठेकेदार, किशोर, बाबूलाल, रमाकांत, विक्रांत, सुबोध ठेकेदार, अनुज ठेकेदार, महेश साहनी, संजय प्रसाद, मंटू कुमार, ब्रजकिशोर शास्त्री, रामाधार सिंह, विजय सिंह, उमेश, सुरेश यादव तथा अनिल रहे।



## 21 जुलाई को कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए होगा ऑनलाइन ड्रा, डीसी की अध्यक्षता में होगी बैठक

**रोहतक।** एसएमएएम योजना 2026-27 के तहत कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए पात्र किसानों का चयन 21 जुलाई को ऑनलाइन ड्रा के माध्यम से किया जाएगा। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि यह ड्रा सुबह 11 बजे लघु सचिवालय के वीडियो कॉन्फ्रेंस हॉल (कमरा नंबर-103) में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यकारी समिति की बैठक में निकाला जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के लिए योजना के तहत कृषि यंत्रों पर अनुदान देने के लिए आवेदन मांगे थे। प्राप्त सभी आवेदनों की जांच पूरी हो चुकी है और पात्र किसानों का चयन पूरी पारदर्शिता के साथ ऑनलाइन ड्रा से किया जाएगा।

**लेजर लैंड लेवलर और रोटावेटर बनी पहली पसंद**

सहायक कृषि अभियंता विकास कुमार ने बताया कि सामान्य श्रेणी में जिन किसानों ने लेजर लैंड लेवलर और रोटावेटर को पहली प्राथमिकता दी है, उनका चयन ऑनलाइन ड्रा से होगा। जिले को लेजर लैंड लेवलर के लिए 342 और रोटावेटर के लिए 470 लाभार्थियों का लक्ष्य मिला है। इसके अलावा 25 प्रतिशत किसानों की वेटिंग लिस्ट भी तैयार की जाएगी। किसानों को योजना संबंधी जानकारी के लिए सहायक कृषि अभियंता या उप कृषि निदेशक कार्यालय से संपर्क करने की सलाह दी गई है। डीसी ने बताया कि योजना के तहत 25 प्रकार के कृषि यंत्रों पर अनुदान दिया जाएगा। सामान्य श्रेणी के जिन किसानों ने अपने आवेदन में लेजर लैंड लेवलर और रोटावेटर को पहली प्राथमिकता नहीं दी है, उनके सभी पात्र आवेदन स्वीकार किए गए हैं।

**शोध** | धूम्रपान से होने वाली फेफड़ों की बीमारी के इलाज पर होगा शोध

# प्रो. हरीश दुरेजा के शोध को 32 लाख का अनुदान मिला

सीओपीडी के उपचार को मोमेटासोन फ्यूरोएट आधारित नैनोफॉर्मुलेशन विकसित करना उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के डीन (रिसर्च एवं डेवलपमेंट) एवं निदेशक, सेंटर फॉर आईपीआर स्टडीज प्रो. हरीश दुरेजा की शोध परियोजना को हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद ने हरियाणा स्टेट रिसर्च फंड के तहत 32 लाख रुपये का अनुदान दिया है। यह अनुदान विश्वविद्यालय में स्वास्थ्य विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे उच्च स्तरीय अनुसंधान को नई गति देगा। यह परियोजना परियोजना प्रो. हरीश दुरेजा के नेतृत्व में संचालित की जाएगी। माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रो. कृष्ण कांत शर्मा इसमें सह-अन्वेषक की भूमिका निभाएंगे। परियोजना की अवधि दो वर्ष निर्धारित की गई है। प्रो. हरीश दुरेजा ने बताया कि इस शोध का उद्देश्य क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) जैसी गंभीर फेफड़ों की बीमारी के उपचार के लिए मोमेटासोन फ्यूरोएट आधारित अत्याधुनिक नैनोफॉर्मुलेशन विकसित करना है। यह शोध विशेष रूप से सिगरेट के धुएं से होने वाली सीओपीडी के प्रभावी और लक्षित उपचार की संभावनाओं पर केंद्रित रहेगा। इस शोध से भविष्य में इस बीमारी के इलाज के लिए अधिक प्रभावी और कम दुष्प्रभाव वाली दवा प्रणाली विकसित करने का मार्ग प्रशस्त होगा। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने प्रो. हरीश दुरेजा और उनके सहयोगी को इस शोध परियोजना के लिए बधाई दी।



सिगरेट के धुएं से होने वाली सीओपीडी के प्रभावी व लक्षित उपचार की संभावनाओं पर रहेगा केंद्रित

### चौबीसी चबूतरे पर उत्तर भारत की खापों का भाईचारा सम्मेलन 25 को

**महम।** सोशल मीडिया पर चल रही गन कल्चर, अश्लिलता, फूहड़ता व नशा और अपराध को बढावा देने वाली सामग्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर 25 जुलाई को चौबीसी चबूतरे पर उत्तर भारत की खाप पंचायतें जुटेंगी। महापंचायत या भाईचारा सम्मेलन की मेजबानी महम चौबीसी सर्वखाप पंचायत करेगी। प्रदेशभर में सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा एक मुहिम शुरू की गई, जिसको जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। रोजाना लोग इस मुहिम से जुड़ रहे हैं और ऐसा माहौल बनाया जा रहा है कि युवाओं को भ्रमित और गुमराह करने वाली कल्चर को समाप्त किया जाना चाहिए। इसके लिए हरियाणा विधानसभा में कानून बनाए जाने की मांग उठ रही है। ताकि प्रदेश के युवा जुआ, सट्टा, नशा व अश्लिलता से दूर रहें। सोशल मीडिया पर गंद कल्चर और गन कल्चर से जुड़कर युवाओं भविष्य खराब हो रहा है। वे अपनी ऊर्जा को सकरात्मक चीजों में न लगकर गलत दिशा में लगा रहे हैं। खाप पंचायत द्वारा इसके आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

# रोहतक के 124 डाकघरों में मिलेगा बीएसएनएल का सिम

- बीएसएनएल और डाक विभाग के समझौते से ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ेगी पहुंच, पोस्ट ऑफिस में होगी केवाईसी

**रोहतक।** बीएसएनएल ने अपने मोबाइल नेटवर्क का दायरा बढ़ाने के लिए डाक विभाग के साथ नई व्यवस्था लागू की है। इसके तहत अब डाकघर भी बीएसएनएल के सिम कार्ड बेचेंगे और मोबाइल रिचार्ज की सुविधा उपलब्ध कराएंगे। इस व्यवस्था का सबसे अधिक लाभ ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को मिलने की उम्मीद है, जहां बीएसएनएल के सेवा केंद्र सीमित हैं, लेकिन डाकघरों का व्यापक नेटवर्क मौजूद है। रोहतक जिले में भी इस व्यवस्था का सीधा लाभ मिलेगा। जिले में मुख्य डाकघर, उप डाकघर और शाखा डाकघरों सहित 124 डाकघर कार्यरत हैं। इन डाकघरों के माध्यम से शहर के साथ-साथ महम, सांपला, कलानौर, लाखनमाजरा और ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को भी बीएसएनएल की सेवाएं पहले की तुलना में अधिक आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी। अब तक नया बीएसएनएल सिम लेने के लिए लोगों को बीएसएनएल कार्यालय या अधिकृत विक्रेताओं के पास जाना पड़ता था। नई व्यवस्था लागू होने के बाद डाकघर भी बीएसएनएल के अधिकृत प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) के रूप में कार्य करेंगे। यहां उपभोक्ता नया प्रीपेड सिम खरीद सकेंगे, मोबाइल रिचार्ज करा सकेंगे और निर्धारित प्रक्रिया के तहत ग्राहक सत्यापन (केवाईसी) भी पूरा कराया जाएगा। इसके लिए डाक विभाग के कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण तथा सिम स्टॉक बीएसएनएल उपलब्ध कराएगा।

सुरक्षा इंतजामों पर बड़े सवाल

7 महीने में 19 लोग डूबे 14 शव मिले

# शहर की जीवनदायिनी जेएलएन नहर में हर माह जा रही तीन लोगों की जान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

जिस जेएलएन नहर का पानी शहर और आसपास के गांवों की प्यास बुझाता है, वहीं नहर अब हर महीने औसतन तीन परिवारों के घरों के चिराग भी बुझा रही है। कभी मानसिक तनाव में लोग इसमें छलांग लगाकर जान दे रहे हैं तो कभी नहाने गए बच्चे तेज बहाव का शिकार बन रहे हैं। हादसों के बाद पुलिस और एसडीआरएफ घंटों तक सर्च ऑपरेशन चलाती है, लेकिन कई बार तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। जनवरी से जुलाई के बीच जेएलएन नहर में डूबने के 19 मामले सामने आए हैं। इनमें 14 शव बरामद किए जा चुके हैं। 10 मामलों में एफआईआर दर्ज हुई है, जबकि 10 मामलों की जांच अभी भी लंबित है। लगातार बढ़ते हादसों ने नहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। शहर के बीच से गुजरने वाली जेएलएन नहर गर्मियों में लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन जाती है। बच्चे और युवा नहाने पहुंचते हैं, वहीं मानसिक तनाव से जूझ रहे कई लोग भी आत्महत्या के लिए इसी नहर का रुख कर रहे हैं। तेज बहाव, गहराई और सुरक्षा इंतजामों की कमी हादसों को और गंभीर बना रही है। नहर के कई हिस्सों में न तो सुरक्षा रेलिंग है, न लाइफ बॉय और न ही कोई स्थायी रेस्क्यू प्वाइंट। ऐसे में हादसा होने पर स्थानीय लोग ही सबसे पहले मदद के लिए दौड़ते हैं, लेकिन तेज बहाव के आगे उनके प्रयास अक्सर बेकार साबित होते हैं।



अलग खबर

### पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अधिकांश मामलों में आत्महत्या, दुर्घटना और डूबने की घटनाएं

अधिकांश मामलों में आत्महत्या, दुर्घटना और डूबने की घटनाएं शामिल पुलिस रिकॉर्ड बताते हैं कि सात महीनों में सामने आए अधिकांश मामलों में आत्महत्या, दुर्घटना और डूबने की घटनाएं शामिल हैं। कई मामलों में परिजन घंटों तक अपनों की तलाश करते रहे और पुलिस व एसडीआरएफ की टीमों ने लगातार सर्च ऑपरेशन चलाए। कुछ मामलों में शव उसी दिन मिल गए, जबकि कई शव एक-दो दिन बाद बरामद हुए। जिन मामलों में शव नहीं मिले या परिस्थितियां स्पष्ट नहीं थीं, उनमें जांच अभी भी जारी है।

### स्थायी समाधान आज तक नहीं

लोगों का कहना है कि हर बड़ी घटना के बाद कुछ दिनों तक प्रशासन सक्रिय दिखाई देता है, लेकिन बाद में हालात फिर पहले जैसे हो जाते हैं। नहर किनारे चेतावनी बोर्ड, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरे और लाइफ सेविंग उपकरणों की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन स्थायी समाधान आज तक नहीं निकल पाया।

### किनारों पर बैठकर जोखिम न लें

जेएलएन नहर से जुड़े प्रत्येक मामले में पुलिस नियमानुसार कार्रवाई करती है। घटना की सूचना मिलते ही संबंधित थाना पुलिस, एसडीआरएफ और अन्य एजेंसियों के साथ तत्काल सर्च एवं रेस्क्यू अभियान शुरू किया जाता है। शव मिलने पर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा जाता है और मामले की परिस्थितियों के अनुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि लोगों से अपील है कि नहर में नहाने या किनारों पर बैठकर जोखिम न लें। अभिभावक भी बच्चों को नहर के पास अकेले न जाने दें। यदि किसी व्यक्ति के आत्महत्या जैसे कदम उठाने की आशंका हो या कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते उसकी जान बचाई जा सके।

-गौरव राजपुरोहित, एसपी

### जून में करीब 50-55 वर्षीय महिला ने जेएलएन नहर में छलांग लगा दी

जून में करीब 50-55 वर्षीय महिला ने जेएलएन नहर में छलांग लगा दी। तेज बहाव में बहती महिला खुद को बचाने का प्रयास करती रही। राहगीरों ने तुरंत रस्सी फेंकी और उसे बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। महिला का शव बाद में ओमेक्स सिटी के पास बरामद हुआ। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला और पुलिस ने पहचान के प्रयास किए।

### ये उठे सवाल

- हर महीने तीन लोगों की जान जाने के बाद भी सुरक्षा इंतजाम क्यों नहीं बढ़ाए गए।
- संवेदनशील स्थानों पर स्थायी एसडीआरएफ या रेस्क्यू पोस्ट कब बनेगी।
- नहर किनारे बैरिकेडिंग और चेतावनी बोर्ड कब लगाए जाएंगे।
- आत्महत्या रोकने के लिए निगरानी और काउंसिलिंग व्यवस्था क्यों नहीं बनाई जा रही।

### इसलिए बढ़ रहे हैं हादसे

- नहर किनारे सुरक्षा रेलिंग का अभाव।
- संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे नहीं।
- लाइफ बॉय और रेस्क्यू उपकरणों की कमी।
- गर्मियों में नहर में नहाने वालों की बढ़ती भीड़।
- लोगों में जागरूकता की कमी।

### बोहर गांव के दो सगे भाई डूबे

जुलाई में बोहर गांव के दो सगे भाई प्रदीप (10) और कुलदीप (12) जेएलएन नहर में डूब गए। प्रदीप का पैर फिसलने से वह पानी में गिर गया। छोटे भाई को बचाने के लिए कुलदीप ने बिना देर किए नहर में छलांग लगा दी, लेकिन दोनों तेज बहाव में बह गए। एसडीआरएफ और पुलिस ने लगातार सर्च ऑपरेशन चलाकर दोनों के शव बरामद किए। इस हादसे ने पूरे जिले को झकझोर दिया।

### रिपोर्ट कार्ड

- डूबने की घटनाएं: 19
- बरामद शव: 14
- दर्ज एफआईआर: 10
- लंबित जांच: 10
- हर माह मौतें : 3

### मई 2026 में सहायक प्रोफेसर ने नहर में कूद दी थी जान

मई 2026 में दिल्ली के आत्माराम कॉलेज के सहायक प्रोफेसर एवं बहादुरगढ़ निवासी भास्कर वशिष्ठ (33) ने जेएलएन नहर में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। उनकी स्कूटी आईजी कार्यालय के पास नहर किनारे खड़ी मिली, जबकि शव बाद में नहर से बरामद हुआ। सूचना मिलने पर आईएमटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

## नेकीराम कॉलेज में 'हरियाणा का रॉकस्टार' के ऑडिशन में उमड़ी प्रतिभागियों की भीड़

25 जुलाई को हिसार, 2 अगस्त को फरीदाबाद, 8 को करनाल, 16 को अंबाला और 22 को गुरुग्राम में ऑफलाइन ऑडिशन होंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



रोहतक। कार्यक्रम में गायिका को सम्मानित करते प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह सांगवान।

पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के संगीत विभाग और कल्चरल कमेटी के तत्वाधान में विद्या फिल्म्स के गायकी कार्यक्रम 'हरियाणा का रॉकस्टार' के ऑडिशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह सांगवान ने दीप प्रज्वलित कर की।

रउन्होंने कहा कि ऐसे मंचों से हर व्यक्ति को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है, इसलिए युवाओं को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।कार्यक्रम के आयोजक डॉ. दिनेश सिंह रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका में प्रसिद्ध हरियाणवी गायक केडी, गायिका रेणुका पंवार और गायक सोमवीर कथुरवाल मौजूद रहे, जिन्होंने 100 से अधिक प्रतिभागियों की कला को परखा।शो के प्रोड्यूसर संजीव कुमार ने बताया कि ऑनलाइन ऑडिशन के साथ-साथ प्रदेश के विभिन्न जिलों में ऑफलाइन ऑडिशन भी आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत 25 जुलाई को हिसार, 2 अगस्त को फरीदाबाद, 8 अगस्त को करनाल, 16 अगस्त को अंबाला और 22 अगस्त को गुरुग्राम में ऑफलाइन ऑडिशन होंगे।

## 'लेक फॉरेस्ट ट्रेल रन' में संजय मलिक और रविंदर दहिया बने फर्स्ट रनर-अप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

रोहतक। गुड़गांव के अरावली क्षेत्र में आयोजित प्रतिष्ठित 'लेक फॉरेस्ट ट्रेल रन' में रोहतक रनर्स ग्रुप के धावकों ने अपनी खेल भावना और शारीरिक क्षमता का लोहा मनवाया है। बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच रोहतक के वरिष्ठ धावक संजय मलिक और रविंदर दहिया की जोड़ी ने 33 किलोमीटर की टीम कैटेगरी में प्रथम उपविजेता (फर्स्ट रनर-अप) का खिताब अपने नाम कर जिले का गौरव बढ़ाया।रोफिट स्पोर्ट द्वारा आयोजित यह 'लेक फॉरेस्ट ट्रेल रन' एक सेल्फ नेविगेशन आधारित टीम रन था, जिसमें हर टीम में दो-दो सदस्य शामिल थे। अरावली की पहाड़ियों के पथरीले, दुर्गम और प्राकृतिक रास्तों पर आयोजित इस दौड़ में देशभर से आए लगभग 400 धावकों ने हिस्सा लिया।




### दोनों विजेताओं को सम्मानित किया

प्रतियोगिता को चार अलग-अलग दूरी की श्रेणियों (12 किमी, 18 किमी, 33 किमी और 42 किमी) में विभाजित किया गया था। 33 किलोमीटर की सबसे कठिन श्रेणियों में से एक में रोहतक रनर्स ग्रुप के संजय मलिक और रविंदर दहिया ने शुरुआत से ही बेहतरीन तालमेल बनाए रखा। अरावली की कठिन चढ़ाई, उमस भरी गर्मी और नेविगेशन की चुनौतियों के बावजूद दोनों धावकों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए दौड़ को सफलतापूर्वक पूरा किया और पोडियम फिनिश हासिल की। आयोजन समिति द्वारा दोनों विजेताओं को शानदार ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया।



### फोटोग्राफरों को एक्सपोजर, लाइटिंग फ्रेमिंग बारीकियों की ट्रेनिंग दी

रोहतक। रोहतक फोटोग्राफर एसोसिएशन (आरपीए) और कैनन के संयुक्त तत्वावधान में सिविल रोड स्थित होटल जय पैराडाइज में एक दिवसीय 'वेडिंग एक्सपीरियंस' फोटोग्राफी कार्यशाला का शानदार आयोजन किया गया। इस तकनीकी वर्कशॉप में रोहतक व आसपास के क्षेत्रों से 100 से अधिक पेशेवर फोटोग्राफर्स ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कैनन के अत्याधुनिक कैमरे ईओएस आर6 वी का भव्य अनावरण रहा। वर्कशॉप में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे रोहतक के एसडीएम आशीष वशिष्ट ने फोटोग्राफर्स के कौशल विकास के लिए एसोसिएशन के इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने टीम के अनुशासन व यूनिफॉर्म की तारीफ करते हुए प्रशासनिक स्तर पर हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। कैनन के एक्सपर्ट मेंटर चित्रांश सक्सेना ने लाइव वेडिंग शूट के माध्यम से एक्सपोजर, लाइटिंग और फ्रेमिंग जैसी बारीकियों की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी।

**सम्मानित किया :** कार्यक्रम में समयबद्धता के लिए लकी ड्रॉ और तकनीकी प्रश्न-उत्तर प्रतियोगिता (क्विज) का आयोजन भी हुआ, जिसमें मंदीप, निखिल, अनिल, कुलदीप जेटली और रोबिन ने पुरस्कार जीते। अंत में एसोसिएशन के चेयरमैन संजीव ढल और अध्यक्ष पुलकित जेतली ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और भविष्य में भी ऐसे प्रयास जारी रखने का संकल्प दोहराया।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- MRI/CT TECHNICIAN 4
- COMPUTER OPERATOR 2
- PRO 2
- NURSING STAFF 4
- WARD BOY 2
- GATE KEEPER 2

नज़दीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## 27 खाप ब्राह्मण महासभा सीएम नायब सैनी से करेगी मुलाकात

■ गौड़ शिक्षण संस्था के चुनाव 14 साल से नहीं हुए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



27 खाप ब्राह्मण महासभा ने गौड़ शिक्षण संस्था के पिछले 14 वर्षों से लंबित चुनावों को जल्द कराने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात करने का निर्णय लिया है। पदाधिकारियों का कहना है कि अब इसमें कोई अदालती अड़चन नहीं है। रविवार को पहरावर स्थित गौशाला में प्रधान पंडित सत्यनारायण शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया।बैठक में नव सम्मिलित 10 गांवों को प्रतिनिधित्व देते हुए पंडित मामन भारद्वाज को वरिष्ठ उपप्रधान, पंडित प्रदीप शर्मा को उपप्रधान और पंडित नरेश शर्मा को सक्रिय सदस्य मनोनीत किया गया। महासभा ने पहरावर धाम में निर्माण कार्य शुरू होने पर कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा का आभार व्यक्त किया। प्रधान सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि खाप का विस्तार पूरे प्रदेश में किया जाएगा और समाज को सशक्त करने के साथ-साथ जल्द ही नशे के खिलाफ एक बड़ा अभियान भी चलाया जाएगा।

### जुलाई-सितंबर तिमाही में समूह बीमा पर 7.1 % ब्याज

रोहतक। हरियाणा सरकार ने सरकारी कर्मचारियों की नई समूह बीमा योजना-1985 के तहत जमा बचत राशि पर मिलने वाले लाभ की नई दरें जारी कर दी हैं। जुलाई से सितंबर 2026 की तिमाही के लिए कर्मचारियों की बचत निधि की गणना 7.1 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर के आधार पर की जाएगी। मानव संसाधन विभाग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी विभागों को निर्देश जारी कर दिए हैं। नई लाभ तालिका के आधार पर कर्मचारियों को मिलने वाली राशि की गणना की जाएगी। मानव संसाधन विभाग के अनुसार, जुलाई से सितंबर 2026 की अवधि के लिए बचत निधि पर 7.1 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर लागू होगी। यह ब्याज तिमाही चक्रवृद्धि आधार पर जोड़ा जाएगा। विभाग ने बताया कि यह दर भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के आधार पर तय की गई है। बचत निधि के लाभ की दो अलग-अलग तालिकाएं जारी की हैं। वहीं, अधिसूचना में यह भी बताया गया है कि कर्मचारी के सेवा से अलग होने वाले महीने का अंशदान वेतन से काटा गया है या काटा जाना है, इसे ध्यान में रखकर लाभ राशि की गणना की जाएगी।

एडवाइजरी — ठग नए-नए तरीके अपना रहे, सभी सावधान रहें : पुलिस अधीक्षक

साइबर अपराधों का बदल रहा है स्वरूप

## बढ़ते साइबर अपराधों से बचने के लिए जागरूकता और सतर्कता बड़ा हथियार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

लोगों को दिए जाते हैं आकर्षक ऑफर

साइबर अपराधों के लगातार बदलते स्वरूप और बढ़ते मामलों को देखते हुए जिला पुलिस ने आमजन के लिए विस्तृत साइबर सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी लोगों को ठगने के लिए नए-नए तरीके अपना रहे हैं। ऐसे में केवल जागरूकता और सतर्कता ही लोगों को साइबर ठगी से सुरक्षित रख सकती है। उन्होंने कहा कि पुलिस समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति सचेत कर रही है, लेकिन आमजन को भी स्वयं सतर्क रहने की आवश्यकता है। एसपी गौरव राजपुरोहित ने बताया कि साइबर अपराधी फर्जी कॉल, व्हाट्सएप संदेश, सोशल मीडिया, नकली लिंक, मोबाइल एप्लीकेशन, ई-चालान, इनकम टैक्स रिफंड, 5जी नेटवर्क अपग्रेड, ऑनलाइन शॉपिंग और घर बैठे कमाई जैसे आकर्षक ऑफर का लालच देकर लोगों को अपने जाल में फंसाने का प्रयास करते हैं।

### संदिग्ध लिंक या व्हाट्सएप संदेश पर क्लिक न करें



पुलिस द्वारा जारी एडवाइजरी में नागरिकों से अपील की गई है कि यदि किसी परिचित या अपरिचित व्यक्ति की ओर से पैसे भेजने या प्राप्त होने का संदेश मिले तो पहले उसकी पूरी तरह जांच-पड़ताल करें। किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर कोई भी मोबाइल एप्लीकेशन डाउनलोड न करें और न ही किसी संदिग्ध लिंक, फोटो या व्हाट्सएप संदेश पर क्लिक करें। बैंक खाते, एटीएम कार्ड नंबर, कार्ड की एक्सपायरी डेट, सीवीवी नंबर, ओटीपी या अन्य गोपनीय वित्तीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। एसपी ने बताया कि व्हाट्सएप पर अज्ञात नंबरों से आने वाली ऑडियो या वीडियो कॉल रिसीव करने से बचें। टेलीग्राम या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर घर बैठे पैसे कमाने के लुभावने ऑफर अक्सर साइबर ठगी का हिस्सा होते हैं। यदि ई-चालान या इनकम टैक्स रिफंड के नाम पर कोई संदेश प्राप्त होता है तो उसमें दिए गए लिंक को खोलने से पहले उसकी प्रामाणिकता की जांच अवश्य करें।

## न्यूज डायरी

### सोनल ने नीट में 606 अंक हासिल किए



रोहतक। जिले के गांव पिलाना की होनहार छात्रा सोनल ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट में 606 अंक प्राप्त कर अपने परिवार और गांव का नाम रोशन किया है। इस शानदार उपलब्धि से गांव में खुशी का माहौल है और परिजनों को बधाइयां देने वालों का तांता लगा हुआ है। सोनल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और नियमित मेहनत को दिया। उनके पिता अमित कुमार वर्तमान में सीआरपीएफ में श्रीनगर में तैनात हैं, जबकि उनकी माता गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बीच लगातार मेहनत और अनुशासित तैयारी के दम पर सोनल ने यह मुकाम हासिल किया है। परिजनों ने बताया कि सोनल का सपना एक सफल डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना है। गांव के लोगों ने भी उसकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सोनल ने अपनी मेहनत से अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उसकी सफलता से पूरे गांव को गर्व महसूस हो रहा है।

### ब्लासर स्विसल्यूब इंडिया ने किया पौधरोपण



रोहतक। पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देते हुए ब्लासर स्विसल्यूब इंडिया ने एक सराहनीय पहल की है। एलपीएस बोसार्ड प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक राजेश जैन के नेतृत्व में चल रहे मेगा ट्री प्लांटेशन ड्राइव–2026 से प्रेरित होकर कंपनी ने पौधरोपण अभियान चलाया।ब्लासर स्विसल्यूब इंडिया के प्रबंध निदेशक पुनीत गुप्ता के नेतृत्व में कंपनी टीम ने अपने परिवारों के साथ झज्जर रोड स्थित नहर के पास स्टेडियम में विभिन्न प्रजातियों के 115 पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। पुनीत गुप्ता ने राजेश जैन के पर्यावरण व समाज सेवा के प्रयासों की सराहना करते हुए उद्योगों से हरित भारत अभियान में जुड़ने का आह्वान किया। पौधरोपण के बाद टीम ने रोहतक के जन सेवा संस्थान का दौरा किया, जहाँ संस्थापक स्वामी डॉ. परमानंद ने उनका स्वागत कर संस्थान के सेवा कार्यों की जानकारी दी। अंत में सामूहिक भोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### नरेंद्र सैनी ने 24वीं बार रक्तदान किया




रोहतक। सैनी एजुकेशन सोसाइटी के कॉलेजियम सदस्य नरेंद्र सैनी ने सावन कृपाल रूहानी मिशन द्वारा रविवार को कृपाल आश्रम में आयोजित रक्तदान शिविर में 24वीं बार रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में पहुंचे पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने उपहार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि मैं एक वर्ष में दो से तीन बार रक्तदान करता हूं। जीवन में रक्तदान करना पुण्य का काम है। रक्तदान करने से शरीर भी स्वस्थ रहता है। कृपाल आश्रम में वर्ष में दो बार रक्तदान शिविर का आयोजन होता है जहां वे जरूर रक्तदान करते हैं। सैनी संस्था के एक और कॉलेजियम सदस्य प्रवीण सैनी ने इनसे प्रेरणा लेकर तीसरी बार रक्तदान किया। उनके साथ सैनी संस्था के मीडिया प्रभारी श्याम कटारिया भी मौजूद रहे। कृपाल आश्रम से संजय नारंग व मुख्य सेवादार विशाल सैनी भी मौजूद रहे। दोनों कॉलेजियम सदस्यों को रक्तदान करने पर सैनी संस्था के प्रधान अवनीश कुमार सैनी ने बधाई दी।

### नीट-2026 में शिक्षा भारती गोहाना रोड के विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम

रोहतक। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के तत्वाधान एवं हिंदू शिक्षा समिति द्वारा संरक्षित शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गोहाना रोड, रोहतक के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है कि विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-2026) में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, अपने अभिभावकों तथा समस्त रोहतक जिले का नाम गौरवान्वित किया है। नीट 2026 के घोषित परिणामों में विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन, समर्पण एवं निरंतर अभ्यास के बल पर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की।
विद्यालय की छात्रा यशिका ने 720 में से 603 अंक प्राप्त कर 99 परसेंटाइल, छात्र दीपांशु ने 720 में से 545 अंक प्राप्त कर 97 परसेंटाइल तथा छात्रा चारिता ने 720 में से 522 अंक प्राप्त कर 96 परसेंटाइल हासिल किए। इन विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि ने विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है तथा अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत प्रस्तुत किया है।
इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार ने सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं समस्त शिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सफलता केवल अंकों का परिणाम नहीं होती, बल्कि वर्षों की मेहनत, अनुशासन, आत्मविश्वास और शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का प्रतिफल होती है। शिक्षा भारती विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नैतिक मूल्यों तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहा है।



### शक्ति केन्द्रों का सशक्तिकरण भाजपा की विजय यात्रा का आधार : रणवीर सिंह ढाका

रोहतक। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका ने कहा है कि भाजपा का संगठन बूथ से प्रारंभ होकर राष्ट्र निर्माण के संकल्प तक पहुंचता है और इसी कारण शक्ति केन्द्रों एवं बूथों को सशक्त बनाना पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि रोहतक जिले के सभी शक्ति केन्द्रों पर अगले दो दिनों में बूथ पदाधिकारियों की बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिनमें संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक गति देने के साथ-साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।एडवोकेट रणवीर ढाका ने बताया कि हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्षा डॉ. अर्चना गुप्ता द्वारा आयोजित लाइव शक्तिकेंद्र बैठक में प्रदेश भर के प्रमुख पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए बूथ सशक्तिकरण, सदस्यता विस्तार, जनसंपर्क अभियान तथा संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता ने स्पष्ट किया है कि भाजपा की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता और मजबूत बूथ संगठन हैं। बैठक उपरांत रणवीर ढाका ने कहा कि जिला प्रभारी एडवोकेट विजयपाल सिंह के साथ विचार-विमर्श एवं सलाह-मशवरे के उपरांत रोहतक जिले के प्रत्येक शक्ति केन्द्र पर प्रदेश एवं जिला स्तर के वरिष्ठ नेताओं की जिम्मेदारियां निर्धारित कर दी गई हैं। इन नेताओं का दायित्व रहेगा कि वे बूथ पदाधिकारियों के साथ संवाद स्थापित कर संगठन के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से धरातल तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन अन्य राजनीतिक दलों से इस मायने में अलग है कि यहां प्रत्येक कार्यकर्ता को विचार, दायित्व और अवसर मिलता है। शक्ति केन्द्रों पर आयोजित होने वाली बैठकें केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं हैं, बल्कि ये संगठन की ऊर्जा, कार्यकर्ताओं के उत्साह और जनसेवा के संकल्प को नई दिशा देने का माध्यम हैं। जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर सक्रिय और प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की टीम तैयार करना समय की आवश्यकता है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना ही इन बैठकों का प्रमुख उद्देश्य है।


बदहाल पड़ा स्टेडियम

# किलोई का स्टेडियम जर्जर, कैसे करें अभ्यास

## खिलाड़ी परेशान, बोले कभी भी ढह सकता है प्रवेश द्वार, कमरों की ग्रिल तक टूटी

### 13 साल से इस भवन की एक बार भी नहीं हो पाई मरम्मत

रोहित डागर ▶▶| रोहतक

ग्राउंड रिपोर्ट

किलोई स्थित शिव कुमार मेमोरियल स्टेडियम इन दिनों बदहाली के आंसू रो रहा है। वर्ष 2012 में सांसद कोटे से बना यह स्टेडियम आज पूरी तरह से जर्जर हाल में है। देखरेख के अभाव में भवन खस्ताहाल हो चुका है, कमरों की ग्रिल तक टूट चुकी हैं और इसका मुख्य प्रवेश द्वार कभी भी ढह सकता है। पिछले 13 वर्षों में इस भवन की एक बार भी मरम्मत नहीं हो पाई है, जिससे यहां नियमित रूप से अभ्यास करने वाले 200 से अधिक खिलाड़ियों का भविष्य और सुरक्षा दांव पर लगी है।




### खिलाड़ियों व ग्रामीणों की ये हैं मुख्य मांगें

- इस स्टेडियम और इसकी बिल्डिंग को पूरी तरह से प्रदेश सरकार या खेल विभाग के अधीन लिया जाए, ताकि इसका स्थायी रूप से रखरखाव संभव हो सके।
- जर्जर हो चुके प्रवेश द्वार और कमरों की तुरंत मरम्मत करवाई जाए।

खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य के लिए स्टेडियम में एक स्थायी कोच की नियुक्ति की जाए।

### सांसद कोटे से हुआ था स्टेडियम का निर्माण

ग्रामीणों के अनुसार, इस स्टेडियम का निर्माण एमपी (सांसद) कोटे से हुआ था। यही कारण है कि यह न तो पूरी तरह ग्राम पंचायत के अधीन है और न ही राज्य के खेल विभाग के कार्यक्षेत्र में आता है। विभागों के बीच फंसे होने के कारण इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। पिछले वर्ष स्टेडियम में एक खेल स्पर्धा का आयोजन हुआ था, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शिरकत की थी। उस समय मुख्यमंत्री ने स्टेडियम के विकास के लिए 21 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की थी। इस राशि से स्टेडियम के मैदान को तो विकसित कर दिया गया, लेकिन मुख्य बिल्डिंग और प्रवेश द्वार की ओर किसी का ध्यान नहीं गया। खिलाड़ी आज भी जर्जर बिल्डिंग और गेट के कारण किसी बड़े हादसे की आशंका के साए में अभ्यास करने को मजबूर हैं।

### बनने के बाद से कोई मरम्मत नहीं हुई


राजकुमार

ग्रामीण राजकुमार बोले- वर्ष 2012 में सांसद कोटे से यह बिल्डिंग बनी थी। इसके बाद से इसकी मरम्मत नहीं हुई है। यहां 200 से ज्यादा खिलाड़ी रोज अभ्यास करते हैं, जिनकी सुरक्षा खतरे में है।

### मुख्य बिल्डिंग और गेट हो चुके कंडम


प्रवीण

ग्रामीण प्रवीण बोले- पिछले साल सीएम की ओर से दिए गए पैसों से स्टेडियम का मैदान तो ठीक कर दिया गया, लेकिन मुख्य बिल्डिंग और गेट अभी भी जर्जर हैं। इन्हें ठीक नहीं किया गया है।

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार सहित युवक को पकड़ा

**रोहतक।** पुलिस की सीआईए-2 टीम ने एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से देसी पिस्तौल बरामद हुई है। पुलिस आरोपी को अदालत में पेश किया। सीआईए-2 प्रभारी उपनिरीक्षक सतीश कादयान के मार्गदर्शन में 18 जुलाई 2026 को मुख्य सिपाही हरीश के नेतृत्व में टीम झज्जर रोड स्थित रुपया चौक के पास गश्त पर थी। सूचना पर सरकारी स्कूल के सामने, मुख्य रोहतक-झज्जर रोड पर खड़े संदिग्ध युवक को काबू किया गया। पूछताछ में युवक की पहचान विकास निवासी करौंथा के रूप में हुई। थाना शिवाजी कॉलोनी में शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### पुरानी शुगर मिल ग्राउंड के पास लगी आग

**रोहतक।** पुरानी शुगर मिल ग्राउंड स्थित झुग्गी-झोपड़ियों के पीछे खाली पड़ी जमीन में शनिवार देर रात करीब 2:30 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर समय रहते काबू पा लिया, जिससे आग आसपास की झुग्गी-झोपड़ियों तक नहीं फैल सकी और बड़ा हादसा टल गया। किसी प्रकार की जनहानि या घायल होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। संबंधित विभाग मामले की जांच कर रहा है।

### सही वोटर सूची के लिए आज ही भरें गणना प्रपत्र

**रोहतक।** जिले के उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता ने सभी पात्र मतदाताओं से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान के तहत अपना गणना प्रपत्र जल्द भरकर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) को जमा कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मतदाता 24 जुलाई की अंतिम तिथि का इंतजार न करें। उपायुक्त ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने बीएलओ के माध्यम से घर-घर जाकर गणना प्रपत्र एकत्र करने की अवधि 24 जुलाई तक बढ़ाई है।

# हुड्डा को विपुल का करारा जबाब

## मंत्री बोले, पूर्व सीएम घर बैठकर टीवी पर करते हैं बयानबाजी

## अब जनता इनकी राजनीति को समझ चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा रि नीट परीक्षा और ओएमआर शीट में कथित गड़बड़ियों को लेकर लगाए गए आरोपों पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि भूपेंद्र हुड्डा विपक्ष में बैठकर केवल आरोप लगाने का काम कर रहे हैं, जबकि विपक्ष की भूमिका तथ्यों के साथ सरकार से जवाब मांगने की होती है। विपुल गोयल केबिनेट मंत्री रविवार को जैड ग्लोबल स्कूल नजदीक ओमेक्स सिटी में आयोजित भारत विकास परिषद के 64वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने पत्रकारों से कहा कि विधानसभा में जब सरकार किसी मुद्दे पर जवाब देने के लिए तैयार होती है, तब कांग्रेस के नेता सदन छोड़कर बाहर चले जाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हुड्डा केवल घर बैठकर और टीवी के माध्यम से बयानबाजी करते हैं, लेकिन जनता अब उनकी राजनीति को अच्छी तरह समझ चुकी है। ओमेक्स में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे विपुल गोयल ने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में पर्ची-खर्ची के आधार पर नौकरियां दी जाती थीं, जबकि भाजपा सरकार ने इस व्यवस्था को पूरी तरह समाप्त कर पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया लागू की है। भूपेंद्र हुड्डा के उस बयान पर भी गोयल ने प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रदेश में सरकार कौन चला रहा है, यह स्पष्ट नहीं है। इस पर मंत्री ने कहा कि भाजपा किसी एक परिवार की नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं की पार्टी है। भाजपा में कार्यकर्ता सर्वोपरि हैं और सरकार संगठन की भावना के अनुसार काम करती है। राम मंदिर दान राशि से जुड़े कथित चोरी के मामले में राहुल गांधी व खड़गे द्वारा मोदी को पत्र लिखे जाने के सवाल पर गोयल ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच चल रही है। एसआईटी जांच कर रही है।



रोहतक। भाविप के 64वें स्थापना दिवस समारोह को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल।

### भारत विकास परिषद का 64वें स्थापना दिवस समारोह
### राजेश जैन ने 3 लाख पौधे लगवाने का लिया संकल्प

भारत विकास परिषद उत्तर क्षेत्र 2 के तत्वावधान में हरियाणा मध्य प्रांत ने 64वें स्थापना दिवस समारोह में उत्तर क्षेत्र-2 के विभिन्न प्रांतों से लगभग 550 प्रतिनिधि एवं शहर के प्रबुद्ध वर्ग की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में राष्ट्रभक्ति, सेवा, संस्कार और भारतीय संस्कृति का अनुपम संगम देखने को मिला। अध्यक्ष हरियाणा मध्य प्रान्त दीपक जिंदल ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय संगठन मंत्री भारत विकास परिषद सुरेश जैन का पवन सानिध्य रहा। पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर एवं उद्योगपति राजेश जैन विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ परमजीत पाहवा क्षेत्रीय अध्यक्ष ने की, मंच संचालन क्षेत्रीय महासचिव राकेश शर्मा ने किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि एवं एलपीएस बोसार्ड के प्रबंध निदेशक राजेश जैन ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उपस्थित सभी प्रतिनिधियों से प्रत्येक व्यक्ति कम से कम तीन पौधे लगाने का आह्वान किया तथा स्वयं इस वर्ष 3 लाख पौधे लगवाने का संकल्प लिया।

### हरियाणा में किसकी सरकार मन्नै कोनी बेरा : भूपेंद्र हुड्डा



**रोहतक।** पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि चैनत गांव में तीन बार ड्रामा हो चुका है। पहले प्रशासन ने टी लगाई, फिर टी को उखाड़ा गया और अब फिर टी लगा रहे है। सीएम मना करते हैं, मनोहर लाल हां भर रहे हैं। भाजपा में कौन है, किसकी चलती है, मन्नै कोनी बेरा। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा में कौन सरकार चला रहा, किसकी चलती है, नहीं पता। जब मनोहर लाल सीएम थे तो विधानसभा में मैंने सवाल पूछा। मनोहर लाल जवाब देने के लिए उठे। उसी समय रामबिलास शर्मा उठ गए, ओमप्रकाश धनखड़ खड़े हो गए और पीछे से अनिल विज उठ खड़े हुए। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि मनोहर लाल ने अनिल विज से कहा कि बैठ जाओ। अनिल विज ने मनोहर लाल को कहा कि आप बैठ जाओ। मैंने कहा कि क्या ड्रामा हो रखा है, कौन सरकार चला रहा है। कौन राज कर रहा है। सवाल का जवाब कौन देगा, यह भी नहीं पता। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि सोनम वांगचुक को कल जबरन गलत तरीके से उठाकर ले गए। वो किसके लिए बैठा है। सोनम वांगचुक तो सिस्टम बदलने की मांग को लेकर ही बैठा है। उसकी पत्नी ने कहा कि अस्पताल बदलो, वो नहीं बदला। देश पहले अंग्रेजों का गुलाम था, तब किसी ने गांधी को नहीं उठाया। आज प्रजातंत्र की धज्जियां उड़ा दी। बैठकर समाधान निकालने की बजाय आवाज कुचल रहे है।

**बोले- युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया**



रोहतक। आरोपित पुलिस की गिरफ्त में  फोटो : हरिभूमि

# छतीसगढ़ से जींद जा रही नशीले पदार्थ की खेप पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक ट्रक से 231 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने ट्रक में सवार तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करोड़ों रुपये आंकी जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया।

वहीं पुलिस सूत्रों का कहना है कि प्रारम्भिक पूछताछ में पता चला है कि नशे की खेप छतीसगढ़ से लाकर जींद ले जाई जा रही थी। हालांकि स्पष्ट जानकारी रिमांड के बाद ही मिल सकती है। जानकारी के अनुसार, एंटी नारकोटिक्स सेल (एएनसी) स्टाफ की टीम, सहायक उपनिरीक्षक राजेश के नेतृत्व में कॉलेज मोड़, कलानौर क्षेत्र में गश्त पर मौजूद थी।

### तीन आरोपी गिरफ्तार

इसी दौरान टीम को गुप्त सूचना मिली कि जींद निवासी सलीम, सोनू और सोनू नामक युवक लंबे समय से नशीले पदार्थों की तस्करी में संलिप्त हैं और भारी मात्रा में गांजा लेकर आने वाले हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई की। झज्जर-बेरी रोड से होते हुए कॉलेज मोड़, कलानौर से महम की ओर जाने वाले मार्ग पर नाकाबंदी कर वाहनों की गहन जांच शुरू की गई। इसी दौरान एक संदिग्ध ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली गई। पुलिस ने ट्रक में सवार तीन युवकों से पूछताछ की। उनकी पहचान चालक सोनू पुत्र नानकचंद निवासी जींद, कंडक्टर सीट पर बैठे सोनू पुत्र सोभाराम निवासी दुर्गा कॉलोनी, जींद तथा ट्रक की कैबिन में बैठे सलीम पुत्र रमेश निवासी दुर्गा कॉलोनी, जींद के रूप में हुई। इस संबंध में थाना कलानौर में आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से पुलिस ने आगे की पूछताछ और जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# रोडवेज कर्मी 25 को परिवहन मंत्री आवास पर निकालेंगे न्याय मार्च

**खाली पदों पर भर्ती और लंबित वेतन-भत्तों के भुगतान की मांग को लेकर आंदोलन तेज**

**रोहतक।** हरियाणा रोडवेज में कर्मचारियों की कमी और लंबित वेतन-भत्तों के भुगतान को लेकर रोडवेज साझा मोर्चा ने आंदोलन तेज करने का ऐलान किया है। साझा मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य दिनेश हुड्डा ने कहा कि चालक, परिचालक, मैकेनिक, हेल्पर और सफाई कर्मचारियों के हजारों पद लंबे समय से खाली पड़े हैं। इससे बसों का संचालन प्रभावित हो रहा है और आम जनता को सरकारी परिवहन सेवा का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। इन मांगों को लेकर 25 जुलाई को अंबाला छावनी स्थित परिवहन मंत्री के आवास पर प्रदर्शन कर न्याय मार्च निकाला जाएगा। दिनेश हुड्डा ने कहा कि कर्मचारियों को समय पर वेतन और विभिन्न भत्तों का भुगतान नहीं होने से आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में कई बार सरकार और विभागीय अधिकारियों को मांग पत्र सौंपे जा चुके हैं।

**चेतावनी दी:** इसके तहत 16 जून को अंबाला, 24 जून को गुरुग्राम, 2 जुलाई को रोहतक, 9 जुलाई को करनाल और 16 जुलाई को फरीदाबाद में प्रदर्शन कर मंडल आयुक्तों के माध्यम से परिवहन मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया था। यदि सरकार ने जल्द मांगें पूरी नहीं कीं तो 25 जुलाई का अंबाला प्रदर्शन व्यापक रूप लेगा।

# नशाखोरी, अश्लीलता के खिलाफ निकालेंगे जन चेतना यात्राएं

**रोहतक।** हरियाणा प्रांत की समस्त आर्य समाजों के सक्रिय कार्यकर्ताओं की प्रांतीय चिंतन बैठक स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ, टिटोली में सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा, नई दिल्ली के प्रधान स्वामी आर्यवेश की अध्यक्षता में आयोजित हुई। महान समाज सुधारक एवं राष्ट्रनायक स्वामी श्रद्धानन्द के बलिदान शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हरियाणा के सभी 23 जिलों में स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान स्मृति सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। नशाखोरी, अश्लीलता, पाखंड एवं जातिवाद के विरुद्ध जनजागरण के लिए जिला एवं प्रांतीय स्तर पर जन चेतना यात्राएं निकाली जाएंगी। 13 दिसंबर को जींद में प्रांतीय आर्य महासम्मेलन होगा। सितंबर में महिला कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर तथा जनवरी में युवा कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ, टिटोली में आयोजित होंगे। स्वामी आर्यवेश ने कहा कि आर्य समाज ने स्वतंत्रता आंदोलन और सामाजिक जागरण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। वरिष्ठ संन्यासी स्वामी ऋतस्पति ने स्वामी श्रद्धानन्द के बलिदान को राष्ट्र और धर्म की रक्षा का प्रेरक आदर्श बताते हुए उनके शिक्षा एवं समाज सुधार के योगदान को स्मरण किया। सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बिरजानन्द एडवोकेट ने युवाओं को नशामुक्त और संस्कारित बनाने का आह्वान किया। बेटी बचाओ अभियान की राष्ट्रीय प्रधान बहन पूनम आर्या ने महिलाओं को ग्राम स्तर पर संगठित करने की योजना प्रस्तुत की। परिषद के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी आदित्यवेश ने कहा कि एक वर्ष में सूबे के एक लाख युवाओं को आर्य समाज से जोड़ने का लक्ष्य रखा है।



जनजागरण के लिए आर्य समाज के दिग्गजों ने किया मंथन

**यह रहे मौजूद:** आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान रामनिवास आर्य, बेटी बचाओ अभियान की राष्ट्रीय संयोजक बहन प्रवेश आर्या, स्वामी विजयवेश, गुरुकुल सिंहपुरा के मंत्री वेदप्रकाश आर्य, जिला परिषद पानीपत के उपाध्यक्ष सुरेश मलिक, लोक शक्ति मंच के प्रदेश अध्यक्ष धर्मबीर गोईयां, पुनिया खाप के प्रदेश अध्यक्ष समशेर नंबरदार, महम चौबीसी के प्रतिनिधि बलवंत आर्य, रणधीर रेढू एडवोकेट, पूर्व डीएसपी अर्जुन सिंह, बलबीर शास्त्री, कृष्ण शास्त्री बोहर, दलबीर आर्य, सज्जन राठी, प्रदीप कुमार, अशोक एडवोकेट ने विचार रखे।

**इनको चुना अध्यक्ष :** जिला वेद प्रचार समिति के जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई। रोहतक में बलबीर शास्त्री, सिरसा मे अशोक वर्मा, फतेहाबाद मे डॉक्टर राजबीर शास्त्री, हिसार मे आचार्य देवदत, हांसी मे बलवंत आर्य, भिवानी मे रामवतार आर्य, महेंद्रगढ़ मे डॉक्टर आर एन यादव, रेवाड़ी मे बुधदेव, गुरुग्राम मे डॉक्टर नानक आर्य, फरीदाबाद मे डॉक्टर गजराज, पलवल मे रमेश आर्य, नूह मे शशि भूषण आर्य, झझर मे द्वारकादास आर्य, सोनीपत मे धर्मपाल आर्य, जींद मे जगफुल ढिल्लों, कैथल मे मनीराम आर्य, पानीपत मे सुरेश मलिक, कुरुक्षेत्र मे ईश्वर सिंह, अम्बाला मे बहन विजय लक्ष्मी, यमुनानगर बहन नीरज नरूला, चंडीगढ़ मे मेजर विजय को प्रधान नियुक्त है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## तीन नए खेलों की एंट्री, कुल 14 स्पर्धाओं में मचेगा धमाल

# आज से सजेगा खंड खेल प्रतियोगिताओं का महाकुंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने वर्ष 2026-27 की ब्लॉक एवं जिलास्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिताएं सोमवार से शुरू हो रही है। इस बार खंडस्तरीय खेल प्रतियोगिताएं मुख्य रूप से 20 जुलाई से शुरू होकर 23 जुलाई तक चलेंगी, जबकि सांपला ब्लॉक में यह आयोजन 20 से 25 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। इस खेल महाकुंभ से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के स्कूली विद्यार्थियों को अपनी छिपी हुई खेल प्रतिभा को प्रदर्शित करने का बेहतरीन मंच मिलेगा।

खंड शिक्षा अधिकारी सुरजभान ने सभी विद्यालय प्रमुखों और खेल सचिवों को तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। वहीं, जिला खेल अधिकारी (डीएसओ) तकनीकी अधिकारियों की नियुक्ति, खेल उपकरणों की व्यवस्था और मैदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का जिम्मा संभालेंगे। टूर्नामेंट के सचिव राजेश ने बताया कि इस बार प्रतियोगिता में कुल 14 खेल शामिल किए गए हैं, जिनमें ओलंपिक और नॉन-ऑलिंपिक दोनों तरह की विधाएं शामिल हैं। इस साल के टूर्नामेंट का मुख्य आकर्षण तीन नए खेल हैं— वूशू, मॉडर्न पेंटाथलॉन और स्क्वैश, जिन्हें पहली बार इन स्कूली खेलों का हिस्सा बनाया गया है। इनके अलावा खिलाड़ी एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, फुटबॉल, हैंडबॉल, वॉलीबॉल, क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, योग, कुश्ती, शतरंज, कराटे और ताइक्वांडो में भी अपना दम-खम दिखाएंगे।

### खंडस्तरीय खेल प्रतियोगिताएं 20 से 23 जुलाई तक चलेंगी

### सांपला ब्लॉक में 25 जुलाई तक आयोजित की जाएंगी

## खिलाड़ियों की सुविधा के लिए अलग-अलग खेलों के मुकाबले रोहतक और आसपास के खेल परिसरों व स्कूलों में होंगे

**एथलेटिक्स, जिम्नास्टिक, जूडो व बॉक्सिंग, साइक्लिंग :** ये सभी मुकाबले 20 से 23 जुलाई तक सर छोटू राम स्टेडियम में खेले जाएंगे।

**क्रिकेट स्पर्धा:** एमएस सरस्वती स्कूल में 20 जुलाई को अंडर-14 के मैच होंगे, जबकि वैश्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 21 व 22 जुलाई को अंडर-17 और अंडर-19 के मुकाबले खेले जाएंगे।

**कुश्ती व वेटलिफ्टिंग:** सर छोटू राम स्टेडियम में 20 जुलाई को अंडर-17 व 19 गर्ल्स, 21 को अंडर-14 बॉयज, 22 को अंडर-17 बॉयज और 23 जुलाई को अंडर-19 बॉयज की कुश्ती होगी। वैश्य पब्लिक स्कूल में 20-21 जुलाई को लड़कियों की और 22-23 जुलाई को लड़कों की वेटलिफ्टिंग स्पर्धा होगी।

**योग और वूशू (नया खेल):** सोनीपत रोड स्थित विद्या श्री इंटरनेशनल स्कूल में 20-21 जुलाई को लड़कियों की और 22-23 जुलाई को लड़कों की योग स्पर्धा होगी। वहीं, बहु अकबरपुर वीएफसी क्लब में 20-21 जुलाई को गर्ल्स वूशू और 22-23 जुलाई को बॉयज वूशू के मुकाबले होंगे।

**फुटबॉल, हॉकी व बास्केटबॉल:** नेकीराम कॉलेज में 20-21 जुलाई को गर्ल्स और 22-23 जुलाई को बॉयज फुटबॉल मैच होंगे। बोहर हॉकी स्टेडियम में 20-21 जुलाई को गर्ल्स और 22-23 जुलाई को बॉयज हॉकी खेली जाएगी। विद्या श्री इंटरनेशनल स्कूल में 20 से 23 जुलाई तक बास्केटबॉल व नेटबॉल के मैच होंगे।

**स्क्वैश, मॉडर्न पेंटाथलॉन व तैराकी:** आईएमटी एसआरएस स्कूल में स्क्वैश के मैच होंगे, जबकि सर छोटू राम स्टेडियम में मॉडर्न पेंटाथलॉन की स्पर्धा आयोजित होगी। श्रीराम ग्लोबल स्कूल भालौठ में 20 जुलाई को लड़कों की स्विमिंग और 25-26 जुलाई को लड़कियों की स्विमिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

**तीरंदाजी, बैडमिंटन, टेनिस व शतरंज:** नवयुग शिक्षा निकेतन में 20-21 को गर्ल्स व 22-23 को बॉयज आर्चरी मैच होंगे। 21 जुलाई को एसआरएस स्कूल में बॉयज बैडमिंटन और ओमैक्स सिटी जेड ग्लोबल स्कूल में गर्ल्स बैडमिंटन मैच होंगे। स्टार ग्लोबल भालौठ में 20 से 23 जुलाई तक टेनिस-वॉलीबॉल और माता दरवाजा स्थित एमएस सरस्वती स्कूल में 20-23 जुलाई तक शतरंज के मुकाबले आयोजित होंगे।

### छठी कक्षा से ऊपर के खिलाड़ी ले सकेंगे भाग, आयु सीमा तय

छठी कक्षा से ऊपर के खिलाड़ी ले सकेंगे भाग, आयु सीमा तय
इन खेल प्रतियोगिताओं में छठी कक्षा और उससे ऊपर के विद्यार्थी अलग-अलग आयु वर्गों में हिस्सा ले सकेंगे। टूर्नामेंट के लिए तीन आयु वर्ग निर्धारित किए गए हैं।

**अंडर-14 वर्ग:** खिलाड़ी का जन्म 1 जनवरी 2013 या उसके बाद का होना चाहिए।

**अंडर-17 वर्ग:** खिलाड़ी का जन्म 1 जनवरी 2010 या उसके बाद का होना अनिवार्य है।

**अंडर-19 वर्ग:** खिलाड़ी का जन्म 1 जनवरी 2008 या उसके बाद का होना चाहिए।

खंड स्तर पर जो भी खिलाड़ी विजेता रहेंगे, वे आगे जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेंगे।